# उत्तर प्रदेश पी0ए0सी0 मुख्यालय, लखनऊ

महानगर, लखनऊ–226006
फोन : 0522–2337451
फैक्स : 0522–2337453,
सीयूजी: 945440–0409
Email: sec2@uppac.net

पत्रांक: पीएसी–II–एडीजी पीएसी निर्देश–2020 / 512
दिनांक : अप्रैल 25 ,2020

सेवा में,

समस्त सेनानायक,
पी0ए0सी0 वाहिनी,
उत्तर प्रदेश।

सेनानायक,
राज्य आपदा मोचन बल,
लखनऊ।

**विषयः** **कर्तव्यस्थल पर आपराधिक कृत्य एवं अनुशासनहीनता रोकने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।**

विगत समय में पीएसी व्यवस्थापन के दौरान पीएसी कर्मियों द्वारा **अनुशासनहीनता** व **आपराधिक कृत्य** कारित किये जाने के प्रकरण प्रकाश में आये हैं। यह स्थिति पीएसी जैसे अनुशासित बल की गरिमा के सर्वथा प्रतिकूल है।

2– निदेशानुसार उक्त के दृष्टिगत निम्नलिखित बिन्दुओं पर कड़ाई से तात्कालिक अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश निर्गत किये जाते हैंः–

(1)पीएसी में कमाण्डर (सेक्शन कमाण्डर, प्लाटून कमाण्डर, कम्पनी कमाण्डर, सहायक सेनानायक, उप सेनानायक) के स्तर पर कर्तव्यपालन के सम्बन्ध में नित्य–प्रति की **टोका–टाकी** व देख–रेख कर सुधार करना।

(2)व्यवस्थापन व कर्तव्यपालन के दौरान **मोबाइल** के अत्यधिक, अनावश्यक और **अनुचित प्रयोग पर रोक लगाया जाना** तथा दोषियों के प्रति दण्डात्मक कार्यवाही करना।

(3)सेक्शन स्तर से लेकर प्लाटून, दल और वाहिनी के स्तर पर निर्धारित समयों पर गणना का किया जाना। इसके अतिरिक्त समय–समय पर सरप्राइज रोलकाल (गणना) लेकर अकारण अनुपस्थित होने वाले कर्मियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करना।

(4)व्यवस्थापन के दौरान भी कर्तव्य, पी0टी0, योगा, श्रमदान व किसी भी शेष कर्तव्य (स्कूल आदि) के पूर्व गणना लिया जाना।

(5)रात्रि गणना को बावर्दी दुरूस्त, वाहिनी व व्यवस्थापन स्थलों पर लिया जाना।

25/5/20

(आकाश कुलहरि)
पुलिस उप महानिरीक्षक,
पीएसी मुख्यालय,उ0प्र0,
लखनऊ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी मध्य जोन, लखनऊ।
2. पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी जोन, प्रयागराज/मुरादाबाद।
3. समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी अनुभाग, उत्तर प्रदेश।
4. प्रभारी हाऊस गार्द, लखनऊ/श्रीराम जन्मभूमि सुरक्षा, अयोध्या/काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी सुरक्षा, वाराणसी/श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थान सुरक्षा, मथुरा/एल0डब्लू0ई0 सोनभद्र।